Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding renewal of licence of Public Notary in Rajasthan.

श्रीमती रंजीता कोली (**भरतपुर**): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे सदन में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं ।

मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र भरतपुर, राजस्थान और राजस्थान के अन्य लोक सभा क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा नियुक्त नोटरी पब्लिक की लाइसेंस नवीनीकरण की तरफ आकर्षित करना चाहती हूं । मेरे निर्वाचन क्षेत्र भरतपुर एवं राजस्थान के अन्य लोक सभा क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा नियुक्त नोटरी पब्लिक की लाइसेंस नवीनीकरण विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार में करीब 8-9 माह से लंबित है, जिससे समस्त नोटरी पब्लिक परेशान हैं और उनके रोजगार व व्यवसाय पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है । नोटरी पब्लिक द्वारा नियत समय में समस्त प्रक्रिया अपनाते हुए मंत्रालय के नोटरी सेल को भेज रखा है ।

अत: मेरा आपसे निवेदन है कि राजस्थान में भारत सरकार द्वारा नियुक्त सभी नोटरी पब्लिक की लाइसेंस को विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नवीनीकरण करवाने की कृपा करें, जिससे समस्त नोटरी पब्लिक अपने कार्यों को सुचारु रूप से करने में सक्षम हो सकें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।